दिनांक : 09.08.2025 समय : 08.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं के लिए सब्सिडी जारी रखने को मिली स्वीकृति।
- मुख्यमंत्री ने उज्जैन में 109 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमि पूजन।
- प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षा बंधन पर्व आज देशभर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

मंत्रिमंडल - निर्णय

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कल हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सरकार ने 12 हजार करोड रूपये से अधिक की अनुमानित लागत से वर्ष 2025- 26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं के लिए सब्सिडी जारी रखने को स्वीकृति दे दी है। मंत्रिमंडल के निर्णयो की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना से दस करोड 33 लाख से अधिक परिवारों को लाभ हुआ है।

कालीदास मुख्यमंत्री

उज्जैन में कल मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कालिदास अकादमी परिसर में 109 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन सभी पर्वों का राजा है। यह पर्व भाई और बहन के बीच अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व है। इस पर्व का पूरे वर्ष सभी भाई बहनों को बेसब्री से इंतजार रहता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढावा देते हुए आने वाले समय में उज्जैन को सिंहस्थ महापर्व के लिए तैयार कर रहे हैं । मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बहनों से राखी बंधवाई गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन क्षिप्रा विहार के समीप नर्मदा वाटिका और शिवांजलि गार्डन में बहनों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया और राखी बंधवाई। उन्होंने कहा कि लगभग 20 वर्षों से बहनों से राखी बंधवाने की परंपरा लगातार जारी है।

वेब्स- मैगजीन स्टोर

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा है कि दर्शकों और श्रोताओं के लिए प्रवेश की बाधाओं को न्यूनतम करने और सूचना, शिक्षा तथा मनोरंजन तक हर संभव व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कल नई दिल्ली में वेब्स ओटीटी प्लेटफार्म पर मैगजीन स्टोर का शुभारंभ किया। श्री द्विवेदी ने कहा कि इस सेवा का उपयोग करने के लिए प्रतिमाह 99 रूपये या प्रतिवर्ष 999 रूपये देने होंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यता शुल्क से आठ भाषाओं में 50 से अधिक टाइटल देखे जा सकेंगे।

राज्यसभा-मन की बात

आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम से अब तक 34 करोड रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉक्टर एल मुरुगन ने कल राज्यसभा में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नवाचार और समाज सेवा कार्य में लगे भारतीय नागरिकों की प्रेरणादायी कहानियों को साझा किया है। श्री मुरुगन ने बताया कि देशभर में बडी संख्या में लोग मन की बात कार्यक्रम सुनते हैं। उन्होंने बताया कि यू-ट्यूब और ओटीटी सहित डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी मन की बात सुनने वालों की संख्या बढ़ी है। श्री मुरुगन ने कहा कि मन की बात देश का शीर्ष कार्यक्रम बना हुआ है, जो नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने के लिए प्रोत्साहित करता है।

हर घर तिरंगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश अपनी स्वतंत्रता के 'अमृत काल' में प्रवेश कर रहा है। अमृत काल में 'हर घर तिरंगा' अभियान 2025, राष्ट्रीय ध्वज को हर भारतीय के घर तक पहुंचाने वाला एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान 2025 में पूरे उत्साह, गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। यह अभियान 2 अगस्त से शुरू हुआ है जो 15 अगस्त 2025 तक चलेगा। इस बीच प्रदेश में अभियान के तहत कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। मध्यप्रदेश जल निगम परियोजना द्वारा गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना में सम्मिलित गाँवो में "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग" अभियान के तहत के अंतर्गत रैली, स्वच्छता शपथ, साबुन से हाथ धुलाई इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया गया। झाबुआ कलेक्टर कार्यालय परिसर में अभियान का शुभारंभ कलेक्टर नेहा मीना ने किया।

विश्व आदिवासी दिवस

आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। डिंडोरी में हर साल की तरह भव्य आयोजन किए जा रहे हैं नगर में विशाल रैली निकाली जाएगी। जिसमें पारंपरिक पहनावे के साथ लोग इस आयोजन में भागीदारी करेंगे। उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में विश्व आदिवासी दिवस पर सभा का आयोजन किया गया है। देवास जिले के खातेगांव में भी आज एक विशाल रैली निकाली जाएगी।

रक्षा बंधन

भाई-बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज देशभर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बाँधती हैं और उनकी दीर्घायु की कामना करती हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रक्षा बंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन के पावन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारी गौरवशाली संस्कृति के गरिमामय उत्कर्ष का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी रक्षा बंधन की बधाई दी है। मुख्यमंत्री आज आगरमालवा में, बहनों के बीच रक्षाबंधन पर्व मनायेगे। इस बीच नर्मदापुरम में स्कूल की छात्राओं ने पुलिस भाइयों को इको फ्रेंडली राखी बांधी गई।

रक्षा बंधन से एक दिन पूर्व कल चाइल्ड केयर स्कूल मिसरोद की छात्राएं एसपी ऑफिस पहुंची, जहां उन्होंने एसपी डॉ. गुरकरन सिंह सहित कार्यालय स्टाफ को राखी बांधी।

स्वदेशी राखी - शिवराज सिंह चौहान

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि स्व-सहायता समूह भारत को विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने नागरिकों से रक्षा बंधन पर स्वदेशी उत्पाद खरीदने के लिए स्थानीय दस्तकारों और महिला स्व-सहायता समूहों का समर्थन करने तथा स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने का आग्रह किया। श्री चौहान कल नई दिल्ली में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाते हुए यह बात कही।

सरकार- टमाटर कीमत

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में टमाटर की खुदरा कीमतें स्थानीय कारणों से बढ़ रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि टमाटर को लेकर न तो मांग-आपूर्ति में कोई असंतुलन है और न ही इसके उत्पादन में कमी आई है।

मौसम

प्रदेश में पिछले एक हफ्ते से बारिश की गतिविधियां थमी हुई है । इस बीच मौसम विभाग ने आज के लिए ग्वालियर छतरपुर और टीकमगढ़ सहित 14 जिलों में बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। कल प्रदेश के रीवा सीधी और मऊगंज में बारिश दर्ज की गई है। रीवा शहर में करीब 4 इंच बारिश हुई है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कल दिन का तापमान 34 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जबलपुर में निर्मित मध्यप्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर का 23 अगस्त को लोकार्पण करेंगे।
- मंडला जिले में जिला प्रशासन के द्वारा नवाचार के रूप में प्रोजेक्ट द वाटर बेल का कल शुभारंभ किया गया।
- शिवपुरी विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कल कटमई बस्ती में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर योजनाओं एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।
- मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत शाजापुर जिले में 15 से 20 सितंबर तक श्री कामाख्या यात्रा के लिए 200 यात्री दर्शन लाभ लेंगे। कलेक्टर ऋजु बाफना ने यात्रा सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने के लिए बैठक ली।

-------